<u>स्काउट एवं गाइड वैश्विक स्कार्फ दिवस</u>

दिनांक 1-8- 2021 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में स्काउट एवं गाइड द्वारा वैश्विक स्कार्फ दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रेवरांन ब्रदर मोनाचन के.के. जी को श्री संजू मेवाड़े जी द्वारा ससम्मान स्कार्फ पहनाया गया। साथ ही उप प्राचार्य जी को भी स्काउट एवं गाइड सदस्यों द्वारा स्कार्फ पहनाया गया । इसी क्रम में कोऑर्डिनेटर सिस्टर जैनी, सिस्टर एंजेल एवं श्रीमती ज्योति नायर मैम को भी स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया।

इस कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कक्षा 6 से 8 के छात्रों ने स्कार्फ बनाए एवं कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभागिता की। प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं बधाई दी । यह कार्यक्रम स्काउट मास्टर श्रीमान संजू मेवाड़े एवं गाइड सुश्री अभिलाषा मिश्रा के सहयोग से संपन्न किया गया। अंत में संजू मेवाड़े जी ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्त किया।